मेरे खाटूवाले श्याम मेरा तू ही सहारा

मेरे खाटूवाले श्याम, मेरा तू ही सहारा,
मेरे सिर पे रखदो हाथ, मुझे दे दो किनारा,
मेरे खाटूवाले श्याम, मेरा तू ही सहारा।

गम के बादलों ने बाबा, मुझको है घेरा,
रिश्ते नाते टूट गए, बस आसरा है तेरा.....-2
तू थामले मेरा हाथ, मैंने तुमको पुकारा,
मेरे खाटूवाले श्याम, मेरा तू ही सहारा।

सुना है जो दर पे बाबा, तेरे है आता,
बिगड़ी हुई क़िस्मत बाबा, तू ही बनाता....-2
तेरे चरणों में बाबा, मेरा होगा गुजारा,
मेरे खाटूवाले श्याम, मेरा तू ही सहारा।

सारे भक्तों को बाबा, गले से लगा ले,
सांवरे सलोने मुझको, पास तू बुला ले.....-2
खाटू नगरी में धाम, तेरा लगे है प्यारा,
मेरे खाटूवाले श्याम, मेरा तू ही सहारा।

देव शर्मा बाबा गुरु को, शीश झुकाए,
पूजा शर्मा हरपल बाबा, गुण तेरा गाये....-2
तेरा मेरा ये रिश्ता हैं, बड़ा पुराना,
मेरे खाटूवाले श्याम, मेरा तू ही सहारा।

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23488/title/mere-khatuwale-shyam-mera-tu-hee-sahara

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |